# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

## खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली,

प्लाट नं0–बी–26/63, मकान नं0–537, आनन्द नगर, रायबरेली–229001

E-mail :- ee_kk_upjn.ra1@yahoo.com


पत्रांक : 1217 / m-20 / 85 दिनांक 8/6/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय :– **ई– समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली दिनांक 07.06.2026 को प्रकाशित "परशदेपुर में पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कें नहीं सुधारी गयी," के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक ई– समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली दिनांक 07.06.2026 को प्रकाशित "परशदेपुर में पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कें नहीं सुधारी गयी," के शीर्षक का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जिसकी आख्या निम्नवत् है:–

| प्रकाशित खबर | आख्या |
|---|---|
| नगर पंचायत परशदेपुर में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने का कार्य कई स्थानों पर अधूरा पड़ा है। इसके कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।<br><br>सड़कों और गलियों को खोदने के बाद कई जगहों पर मरम्मत कार्य पूरा नहीं किया गया है। राहगीरों और वाहन चालकों को धूल, गड्ढों और खराब रास्तों से रोजाना गुजरना पड़ रहा है।<br><br>स्थानीय निवासियों ने चिंता व्यक्त की है कि बरसात के मौसम में यह समस्या और बढ़ सकती है। इसके साथ ही, दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी हुई है।<br><br>इस संबंध में नगर पंचायत परशदेपुर की अधिशासी अधिकारी निमिषा भारद्वाज ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि ठेकेदार से वार्ता कर जल्द ही अधूरे कार्य को पूरा कराया जाएगा, ताकि लोगों को असुविधा न हो और आवागमन सुचारु रूप से हो सके।<br><br>नगरवासियों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर लंबित कार्य को पूर्ण कराने की मांग की है। | उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है ई –समाचार में प्रकाशित यह समाचार कि नगर पंचायत परशदेपुर क्षेत्र में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्य कराया जा रहा है, तथ्यात्मक रूप से गलत एवं भ्रामक है।<br><br>स्पष्ट किया जाता है कि नगर पंचायत परसदेपुर क्षेत्र में जल जीवन मिशन का कार्य नहीं कराया कराया जा रहा है एवं उक्त नगर पंचायत में कार्य संबंधित नगर पंचायत द्वारा कराए जा रहा हैं।<br><br>अतः प्रकाशित समाचार का खंडन किया जाता है |

संलग्नक–पेपर कटिंग

भवदीय

(signature)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपराक्तानुसार।
प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।

(signature)
अधिशासी अभियन्ता

जल जीवन मिशन का काम अधूरा, आवागमन बाधित:**परशदेपुर में पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कें नहीं सुधारी गईं**

रिंकू मिश्रा| परसदेपुर (सलोन), रायबरेली1 दिन पहले



जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने का कार्य अधूरा पड़ा।

नगर पंचायत परशदेपुर में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने का कार्य कई स्थानों पर अधूरा पड़ा है। इसके कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

सड़कों और गलियों को खोदने के बाद कई जगहों पर मरम्मत कार्य पूरा नहीं किया गया है। राहगीरों और वाहन चालकों को धूल, गड्ढों और खराब रास्तों से रोजाना गुजरना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासियों ने चिंता व्यक्त की है कि बरसात के मौसम में यह समस्या और बढ़ सकती है। इसके साथ ही, दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी हुई है।

इस संबंध में नगर पंचायत परशदेपुर की अधिशासी अधिकारी निमिषा भारद्वाज ने ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि ठेकेदार से वार्ता कर जल्द ही अधूरे कार्य को पूरा कराया जाएगा, ताकि लोगों को असुविधा न हो और आवागमन सुचारु रूप से हो सके।

नगरवासियों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर लंबित कार्य को पूर्ण कराने की मांग की है।